तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 7 अगस्त 2025

14 नशेड़ियो पर लगाम कसने एसडीएम ने दुकानदारों ...

14 आंकलन शिविर में ब्लाक के 95 बच्चे ...




# मिनिस्ट्री आफ रूरल डव्लपमेंट भारत सरकार ने कांकेर की सफलता को एक्स में किया पोस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले कांकेर के अतिनक्सल ईलाके में केवल तीन माह में नक्सल पीड़ित हितग्राही को पक्का आवास मिलने की जानकारी मिलने पर मिनिस्ट्री आफ रूरल डव्लपमेंट भारत सरकार ने अधिकृत एकाउंट एक्स में पोस्ट किया है। यह छत्तीसगढ़ के साथ-साथ कांकेर के लिए बड़ी बात है, यह प्रयास जिला प्रशासन की कड़ी मेहनत का परिणाम है। जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर के साथ जिला मुख्यालय से लगभग 200 किलोमीटर दूर

- पीड़ित परिवार ने कलेक्टर को दी जानकारी और मिली राहत

## नक्सल पीड़ित हितग्राही को तीन माह में मिला पक्का आवास

### प्रशासन के प्रयास से हुआ संभव

*हितग्राही दसरी बाई ने बताया कि आवास ब्लॉक मुख्यालय से अत्यंत दूर होने के कारण वहां पहुंचने के लिए चार पहिया वाहन चलने के लिए कोई मार्ग नहीं है, जिसके कारण निर्माण सामग्री ले जाने में अधिक कठिनाइयां आईं। हल्की बरसात होने के साथ ही दोपहिया वाहन के साथ भी पहुंचना अत्यंत मुश्किल होता था, जिसके चलते समय पर मिस्त्री एवं लेबर भी पहुंचने के लिए मना करते थे। जिला प्रशासन की गंभीरता और प्रयास के चलते मुझे पक्का मकान मिल सका।*




### हितग्राही से समन्वय जरूरी

*जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि ग्राम पंचायत के द्वारा व्यक्तिगत रूप से लगातार निरीक्षण करते हुए समस्याओं को समाधान करने हेतु तत्परता आवास टोली के माध्यम से हितग्राही के साथ लगातार समन्वय स्थापित किया गया तथा सामग्री पहुंचाने में विशेष सहयोग किया गया, उसी का परिणाम रहा कि तीन माह में पक्का भवन बन सका। हमारे प्रयास को मिनिस्ट्री आफ रूरल डव्लपमेंट भारत सरकार ने अधिकृत एकाउंट एक्स में पोस्ट किया है, जो कांकेर के लिए बड़ी बात है।*

जिले के अतिसंवेदनशील ईलाका विकासखण्ड कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत उलिया पहुँचे थे, तभी पीड़िता ने बताया कि नक्सल पीड़ित परिवार दसरी बाई नुरूटी के पति दोगे नुरूटी की विधानसभा चुनाव के दौरान माओवादी घटना में मृत्यु हो गई थी। यह जानकारी मिलते ही महिला का विशेष परियोजना के तहत मार्च 2025 में आवास स्वीकृत किया गया एवं माह मई 2025 से आवास निर्माण कार्य प्रारंभ करते हुए लगभग 3 माह की अल्प समयावधि में आवास निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। इस आवास को पूर्ण करवाने में जिले एवं ब्लाक की पूरी टीम लगी रही। हितग्राही के हौसले के कारण कठिन परिस्थिति के बावजूद आवास तैयार हो गया और नुरूटी परिवार को पक्का मकान मिल गया।

## खबर संक्षेप



### कच्ची सड़क के खराब होने से बढ़ी दिक्कतें

**दुर्गुकोन्दल।** विकास खंड दुर्गुकोंदल अन्तर्गत ग्राम आमागढ़ से खड़ीघाट पहुंच मार्ग बाधित है। खडीघाट क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल होने के कारण आसपास के श्रद्धालु खराब रास्ते के वजह से भगवान शिव के बिना दर्शन किए वापिस लौटने मजबूर हैं। ग्राम तुमरीसूर, भेजर, पड़गाल, चेमल के ग्रामीणो को कागजात संबंधी कार्य करवाने ब्लाक मुख्यालय दुर्गुकोंदल आने जाने में भी काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीण मनीष नरेटी, अरीप तिरसुनिया, गंगा राम राणा, संजय नरेटी, धनलाल चक्रधारी ने बताया है आमागढ़ से खड़ी घाट भेजर तक पक्की सड़क का निर्माण किया जाए, ताकि आवागमन में सुविधा हो सके।

### स्वतंत्रता दिवस पर बंद रहेंगी शराब की दुकानें




**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल 4 (क) व्यवसायिक क्लब एवं एफएल 7, सैनिक कैन्टीन को पूर्णतः बंद रखे जाने के लिए आदेशित किया गया है। शुष्क दिवस के दौरान मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने जिले में अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन व विक्रय पर पूर्णतः नियंत्रण रखने के लिए जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया है।

### श्रीराम कथा मेलाभाटा मैदान पर 12 तक जारी

**कांकेर।** सावन माह के अवसर पर मेलाभाटा मैदान टिकरापारा कांकेर में श्री राम कथा भजन मंडली द्वारा राम कथा का आयोजन का शुभारंभ 4 अगस्त को किया गया। अखिल ब्रम्हाण्ड नायक भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम का कथा प्रतिदिन रात साढ़े 7 बजें से साढ़े 9 बजें तक किया जा रहा है। महंत मैहर वाले पं. दयाशंकर उपाध्याय की टीम रामकथा कर रही है।

### डिप्लोमा इंजीनियरिंग का प्रवेश पंजीयन 9 तक

**कांकेर।** तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठयक्रमों के प्रथम वर्ष एवं लेटरल द्वितीय वर्ष में प्रवेश के लिए तृतीय चरण में प्रवेश के पश्चात रिक्त सीटों के लिए चतुर्थ चरण के लिए पंजीयन 06 से 09 अगस्त तक होगा। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि के भीतर आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। इसके बाद आबंटन की घोषणा 11 अगस्त को की जाएगी तथा आबंटन होने के बाद प्रवेश की प्रक्रिया 12 से 14 अगस्त तक चलेगी। सभी छात्र निर्धारित तिथि में आबंटित संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं।

### नाबालिग के खुदकुशी मामले की जांच शुरू

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत कोटलभट्टी निवासी 16 वर्षीय वर्षा नेताम ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। कोटलभट्टी निवासी सुकलाल नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने 5 अगस्त को दोपहर साढ़े 3 बजें अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## शिकायत : एसडीएम ने पटवारी को भेजा पंचनामा करने, अगले ही दिन शुरू हुआ रेत उत्खनन

# पुल क्षतिग्रस्त फिर भी रेत उत्खनन जारी तस्कर सक्रिय, सरपंच ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

महानदी पर हाराडुला में बना पुल रेत तस्करों की लापरवाही के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। पुल के क्षतिग्रस्त होने के एक माह पहले से सरपंच लगातार गुहार लगाते रही और अब पुल के धंसने के बाद फिर से हो रहे अवैध उत्खनन पर रेत तस्कर पर कार्यवाही की माँग को लेकर सरपंच ने जनदर्शन में गुहार लगाया है। जनदर्शन में शिकायत आने के बाद रेत तस्कर पर कड़ी कार्यवाही हो सकती है।

जनदर्शन में गुहार लगाने पहुँची सरपंच ने बताया कि 16 जुलाई को एसडीएम चारामा को और 20 जून को खनिज विभाग को रेत के अवैध उत्खनन अवैध भंडारण एवं पुल के क्षतिग्रस्त और खेत का कटाव होने की आशंका जताया था। खनिज विभाग ने रेत तस्कर और भंडारण करने वालों पर कार्यवाही भी किया था। अनुविभागीय अधिकारी चारामा को 16 जुलाई को दिए पत्र एवं मीडिया में लगातार समाचार प्रकाशन के चलते एसडीएम ने 4 अगस्त को पटवारी द्वारा पंचनामा बनाया गया, परंतु पंचनामा के बाद 5 अगस्त को रेत तस्कर सुबह 04 बजे से पुनः ट्रैक्टर के माध्यम से क्षतिग्रस्त पुल के नीचे से अवैध उत्खनन करने लगे। रेत तस्करों के द्वारा 5 अगस्त को रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन किए जाने की जानकारी संबंधितों को फोन के द्वारा दिया गया, परंतु इस दिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई। पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद भी अवैध उत्खनन रुकना नहीं हो पा रहा है। भूमिस्वामी द्वारा भी अनुविभागीय अधिकारी एवं नायब तहसीलदार एवं ग्राम पंचायत को शिकायत किया है। गाम विकास समिति सराधुनवागाँव को आवेदन पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया, परंतु जिस आशंका को जताते हुए आवेदन किए, उसके तहत आज तक रेत तस्करों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### खास बातें

- सरपंच, उपसरपंच एवं पंचों का कहना है कि शिकायत के बाद नहीं रुक रहा अवैध उत्खनन
- रेत तस्कर पर कार्रवाई की है और से होगी : खनिज अधिकारी



### जनदर्शन में शिकायत की

ग्राम पंचायत सराधुनवागांव के प्रतिनिधियों द्वारा बार बार आवेदन एवं शिकायत के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो रही है जिससे पंचायत प्रतिनिधियों में निराशा है। पुल धंसक जाने के बाद भी ट्रैक्टर के माध्यम से पुल के नीचे से अवैध उत्खनन चालू हो गया है। रेत तस्करों पर कार्यवाही करवाने को लेकर जनदर्शन में शिकायत किया है। सरपंच ने माँग किया है कि अवैध रेत तस्करों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाएं, जिससे रेत तस्करों को शासन प्रशासन का भय रहे।

### रेत तस्कर पर होगी कड़ी कार्रवाई

खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि सरपंच के द्वारा शिकायत मिली है, इसके पहले भी रेत तस्करों और भंडारण करने वालों पर कार्यवाही किया गया है। हमारी टीम लगातार भ्रमण कर रही है और अवैध रेत का उत्खनन करते पाए जाने पर कार्यवाही होना तय है। रेत तस्कर के बारे में संबंधित विभाग को भी जानकारी दिया जाएगा, जिससे सेतु विभाग नियमानुसार कार्यवाही कर सके।

## बेकाबू व शराब पीकर वाहन चलाना पड़ा मंहगा, न्यायालय ने किया दंडित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




- 22 लोगों पर कार्रवाई, 88 हजार 400 रुपए समन शुल्क वसूला

कांकेर शहर में तेज गति और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर यातायात पुलिस ने कार्यवाही किया। चौथे दिन की कार्यवाही में नियमों को ताक में रखने वाले 22 लोगों पर कार्यवाही करते हुए 88 हजार 400 रूपएं समन शुल्क वसूला गया। यातायात प्रभारी दीपक साव ने बताया किकांकेर शहर एंव शहर के बाहर चौथे दिन भी लगातार कार्यवाही जारी रही, जिसके तहत शराब का सेवन करके वाहन चलाने वाले 8 प्रकरणों में 185 एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समझ पेश किया गया और न्यायाधीश ने इनके खिलाफ 80 हजार रूपएं के अर्थदंड से दंडित किया। इसके अलावा तेज गति से वाहन चलाने वाले 05 प्रकरण से 5 हजार रूपएं, बिना लाइसेंस के वाहन चलाने वाले एक प्रकरण से 1 हजार रूपएं और इसके अलावा प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वाले 08 प्रकरण से 2400 रूपएं समन शुल्क वसूला गया। इस प्रकार कुल 22 प्रकरणों से 88 हजार 400 रूपएं समन शुल्क चौथे दिन वसूला गया। इसके अलावा शहर के पैराडाइस स्कूल मे जाकर नाबालिक बच्चों को वाहन नहीं चलाने एवं वाहन चलाते हुए हेलमेट का उपयोग करने समझाईश दिया गया। शहर के अंदर शाप मेकेनिक और कार गैराज में एक्स्ट्रा पार्ट व अन्य जगह खड़ी वाहनों को हटाया गया और गाड़ी नहीं रखने की समझाइस दिया गया, इसी प्रकार यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। यातायात विभाग ने भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार एचएसआरपी नंबर प्लेट बनवाने के लिए चौथे दिन भी लोगों की भीड़ शिविर मे देखने को मिली। इसके अलावा 15 लोगों का सुधार के लिए रजिस्ट्रेशन किया है। इस तरह की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। कार्यवाही करने में उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में यातायात विभाग का पूरा अमला ने जिम्मेदारी से कार्य को निर्वाह किया।

## मोर तिरंगा, मोर अभिमान पर कमल सदन में हुई बैठक, तय की रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




- 10 से 14 तक मोर तिरंगा मोर अभिमान

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत छग में भी आगामी 10 से 14 अगस्त तक मोर तिरंगा मोर अभिमान कार्यक्रम किया जाएगा, जिसकी तैयारी के लिए 6 अगस्त को कमल सदन में कार्यशाला हुई, जिसमें मुख्य वक्ता दुर्ग के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि हर घर, तिरंगा अभियान आजादी के अमृत महोत्सव से प्रारंभ होकर लगातार चल रहा है। जिला के बाद अब मण्डल स्तर पर टीम बनाकर कार्यशाला आयोजित किया जाएगा। मोर तिरंगा, मोर अभियान कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता ने कहा कि तिरंगा न केवल भारत का राष्ट्र ध्वज है, अपितु समस्त देशवासियों का अभिमान भी है। इस तिरंगे की रक्षा के लिए न जाने कितने राष्ट्रभक्त स्वतंत्रता सेनानियां ने अपने प्राणों का बलिदान दिया है। पहले केवल 15 अगस्त और 26 जनवरी को ही देश में तिरंगा फहराया जाता था, परंतु नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद तिरंगे के प्रति स्वाभिमान की भावना जगाने के उददेश्य से इसे एक अभियान का रूप देकर भारतीय जनता पार्टी के माध्यम से जन-जन तक तिरंगे को पहुंचाने का लक्ष्य बनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा की जिला टोली व मण्डल टोली के समन्वयव ▶▶| शेष पेज 12 पर



## घरेलू बात पर बहू से मारपीट जेठ-जेठानी पर मामला दर्ज

**कांकेर।** परिवार के दो सदस्य ने महिला के साथ बिजली पानी नही देंगे कहते हुए मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। जेठ द्वारा अपने बहू को डंडा से मारा गया। शिकायत पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। चारामा थानांतर्गत ग्राम हिंगनझर निवासी बसंता कोर्राम ने पुलिस को बताया कि कुली मजदूरी का काम करती हूं और 4 अगस्त की रात 8 बजें मेरा पति संवलूराम कोर्राम को उसकी भाभी प्यारी बाई तुम लोग को बिजली पानी नही देंगे कहकर लड़ाई झगड़ा कर रही थी। उसी समय मेरा ससुर चमरूराम कोर्राम एवं जेठ गौतम राम कोर्राम दोनो बस्ती तरफ से मेरे पति का नाम लेकर मारेंगे, पीटेंगे बोलते घर आए। मेरा पति बोला क्यो मारपीट करोगे, उसी समय मै भी घर से निकली, तो मुझे बिना वजह गाली देने लगे एवं जान से मारने की धमकी देकर डंडा से पैर को मारा एवं जेठ गौतम कोर्राम एवं जेठानी प्यारी बाई कोर्राम गाली देने लगे। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी गौतम कोर्राम और प्यारी बाई कोर्राम के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## अवैध शराब सप्लायर पुलिस के शिकंजे में, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पुलिस की छापामार कार्रवाई जारी, जुआ-सट्टा और कोचियों पर निगरानी

नशे के चक्कर में हत्या हो जाने के बाद पुलिस ने नशा करने वाले और नशा सामग्री बेचने वालों पर नकेल कसना शुरू किया है, जिसके लिए शहर और आसपास ग्रामीण ईलाके में पेट्रोलिग बढ़ाकर शराबियों, नशेड़ी, गजेड़ियो,नशीली पदार्थ का सेवन कर उत्पात करने वाले असामाजिक तत्वो पर सतत निगरानी रखने एवं जुआ-सट्टा पर कार्यवाही करने के विशेष अभियान आदेश पर शराब को अवैध ढंग से बेचने वालों ▶▶| शेष पेज 12 पर



### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले पकड़ाए

सेन चौक में शराब सेवन कर रहे आरोपी कोकड़ी निवासी 23 वर्षीय धनंजय जुर्री पिता राकेश जुर्री, अलबेलापारा तालाब में शराब सेवन कर रहा आरोपी कोकड़ी निवासी 19 वर्षीय रेखानंद कुमरेटी पिता किसुन कुमरेटी ,पेट्रोल पंप किनारे पंडरीपानी के पास शराब सेवन कर रहें आरोपी नाकापारा मरकाटोला निवासी 28 वर्षीय डोमेन्द्र साहू पिता दिलीप साहू, मुक्तिधाम कांकेर के पास शराब सेवन कर रहा आरोपी अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 25 वर्षीय शैलेश यादव पिता शत्रुघन यादव, आरोपी नकापारा मरकाटोला निवासी 25 वर्षीय दीपक साहू पिता दिलीप साहू, आरोपी अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 38 वर्षीय प्रशांत करमरिया पिता स्व. नरेन्द्र, तेलावट निवासी 30 वर्षीय चेतन मंडावी पिता श्याम सुंदर मंडावी को सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए पकड़ा गया।

## प्रतियोगिता के शुभारंभ में शामिल हुए अफसर

# 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ की क्रिकेट स्पर्धा प्रेरणादायी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

- कई युवा केंद्रीय फोर्स में प्रेरणा लेकर अपना जीवन संवार रहे

ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ ने महत्वपूर्ण पहल किया, जिसके तहत तुमापाल, रेखाभाट और कोसरोंडा गाँवों की टीमों ने तुमापाल गाँव में आयोजित अंतर ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया है।

28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के कमांडेंट अरुण देवगम ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, उनमें टीम भावना को विकसित करना एवं गाँवों के मध्य व सौहार्द्रपूर्ण संबंधों को प्रगाढ़ करना है। कमांडेंट द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों का हौसला बुलंद है, और खिलाड़ी उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन कर रहें हैं। सशस्त्र सीमा बल द्वारा इस तरह की सामाजिक व खेल गतिविधियों से स्थानीय युवाओं में नया उत्साह जागृत हो रहा है।



खिलाड़ियों का कहना है कि ऐसे कार्यक्रम होते रहने से ग्रामीणों में फोर्स को लेकर जो कई प्रकार के भ्रम होते है, वे भ्रम भी दूर होते है। इसके अलावा जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलती है। गाँव के कई युवा केंद्रीय फोर्स में प्रेरणा लेकर अपने जीवन को साकार कर रहे है।

28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल न केवल सीमा सुरक्षा में बल्कि सामाजिक समरसता, युवा जागरूकता और ग्रामीण विकास में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ऐसे आयोजनों से युवाओं को नशा, बेरोजगारी और असामाजिक गतिविधियों से दूर रहकर सकारात्मक दिशा में बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। वाहिनी कमांडेंट का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से युवा ऊर्जा को सही दिशा दिया जा सके।

## जवानों को स्काउट-गाइड्स ने बांधी राखी, डीईओ हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़



जिले के अंतागढ़ विकासखंड के बीहड और दूर अंचल के विद्यालय शाउमा विद्यालय तालाबेड़ा अंतागढ़ के स्काउट एवं गाइड व रोवर रेंजर के बच्चों के द्वारा सशस्त्र सीमा बल कैम्प दण्डकवन रावघाट एवं एसएसबी कैम्प में हमारी सुरक्षा के लिए तैनात तालाबेड़ा के सैनिक को भाई बहनों के पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन के पावन पर्व पर बहनों की कमी को पूरा करते हुए भारत स्काउट गाइड द्वारा एक राखी सैनिक भाई के नाम के तहत छात्रो द्वारा राखी बांधकर रक्षा बंधन का त्यौहार कैंप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूर्व में भारत स्काउट एवं गाइड राज्य मुख्यालय के आदेशानुसार एक राखी सैनिक भाई के नाम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तालाबेड़ा के छात्रो द्वारा हाथ से राखी बना कर बॉर्डर में तैनात हमारे सैनिक भाई के लिए भी राखी जिला शिक्षा कार्यालय में जमा किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त रमेश निषाद, जिला संगठन आयुक्त किरण ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### कर्तव्यों का निर्वहन समयबद्ध व संवेदनशीलता के साथ करें

**कोण्डागांव।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती किरण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के न्याय रक्षकों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विधिक सहायता प्रणाली की प्रभावशीलता की समीक्षा करना। जरुरतमंदों को निःशुल्क व गुणवत्तापूर्ण विधिक सहायता सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान प्रधान न्यायाधीश ने डिफेंस काउंसिल के न्याय रक्षकों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। पात्रता और कर्तव्य विधिक सहायता प्राप्त करने की पात्रता की शर्तो और लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्यालय की भूमिका व दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करना। प्राथमिकता अभिरक्षाधीन बंदियों के मामलों में प्राथमिकता के साथ पैरवी करना और हर महीने जेल का निरीक्षण करके बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराना। कर्तव्यों का निर्वहन समयबद्ध और संवेदनशीलता के साथ करना। उन्होंने जोर देकर कहा कि विधिक सहायता प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुश्री गायत्री साय ने भी न्याय रक्षकों को निर्देश दिए कि वे विधिक सहायता प्राप्तकर्ताओं के साथ सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करें और उन्हें शीघ्र न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहें। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल और लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। अंत में, सभी न्याय रक्षकों ने अपने सुझाव रखे और ऐसी समीक्षा बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने का अनुरोध किया।

# पहली ही बारिश में भर-भराकर गिर गया 147 करोड़ की लागत वाला नवनिर्मित पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

## कोण्डागांव-नारायणपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर घटिया निर्माण का आरोप, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

बहुप्रतीक्षित कोण्डागांव-नारायणपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-130 के निर्माणाधीन सड़क निर्माण के नवनिर्मित पुल पहली बारिश भर-भराकर गिर गया है। घटना के बाद लोग पुल के निर्माण में अनियमिता का संदेह जता रहे हैं। घटना के बाद से ही ग्रामीणों में आक्रोश है, उन्होंने जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। यह सड़क अबूझमाड़ के घने जंगलों में बसे गांवों को देश की मुख्यधारा से जोड़ेगी।

जानकारी के अनुसार इस परियोजना की कुल लंबाई 48 किलोमीटर है, जिसे 147.70 करोड़ की लागत से एक एजेंसी के माध्यम से निर्मित किया जा रहा है। निर्माण में 69 पुलिया और 10 माइनर पुल शामिल है। हरिभूमि समाचार पत्र में 22 मई को प्रमुखता से तकनीकी मानकों की अनदेखी कर कार्य करने के संबंध में खबर प्रकाशित की गई थी। मामले को लेकर ग्राम कुम्हार पारा के सरपंच हेम कोर्राम ने कहा है कि इस पूरे निर्माण कार्य में जांच की आवश्यकता है। शासन प्रशासन को इस घटना की जांच करनी चाहिए, साथ ही निर्माण एजेंसी और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। पुल की गुणवत्ता की जांच करनी चाहिए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। यदि पुल की उच्चस्तरीय जांच नहीं की गई तो शासन प्रशासन का विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन किया जाएगा।




आरोप : ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों ने की जांच की मांग
राष्ट्रीय राजमार्ग-130 की गुणवत्ता पर उठे सवाल
तकनीकी मानकों की अनदेखी के लगे आरोप

### डिस्मेंटल की करेंगे कार्रवाई

ज्यादा पानी गिरने के कारण कटाव से स्लैब गिर गया है। अब हम डिस्मेंटल की कार्यवाही कर पुनर्निर्माण करेंगे।

- जीवन नेताम
एसडीओ, पीडब्ल्यूडी

## पीड़िताओं ने जांच दल को बताई उनके साथ हुए दुर्व्यवहार की कहानी

# मानव तस्करी के आरोपों के बाद कांग्रेस जांच दल पहुंचा अबूझमाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

- एसपी से मिलकर सौंपा ज्ञापन, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर एफआईआर करने की मांग

दुर्ग में आदिवासी युवतियों और नन पर मानव तस्करी का आरोप लगाकर जेल भेजने के मामले की जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी का एक जांच दल अबूझमाड़ के ओरछा पहुंचा। पूर्व दिनों बजरंग दल की सदस्य ज्योति शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा आदिवासी युवती के साथ मारपीट और जातिसूचक गाली-गलौज का भी आरोप है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच दल का गठन किया है।

जांच दल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयोजक मोहन मरकाम, बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, पूर्व विधायक चंदन कश्यप और जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिसेल नाग समेत 7 अन्य सदस्य शामिल थे। जांच के दौरान दोनों पीड़ित लड़कियों ने बताया कि वे पिछले पांच सालों से नन के यहां आ-जा रही थीं और उनके आगरा, उत्तरप्रदेश जाने की जानकारी उनके परिजनों को भी थी। पीड़ित लड़की की मां ने भी इस बात की पुष्टि की। जांच दल को युवतियों ने अपने साथ हुए दुर्व्यवहार की पूरी घटना विस्तार से बताई।



### कांग्रेस जांच दल ने एसपी से की मुलाकात



कांग्रेस जांच दल के ओरछा मे पीड़ित परिजनों से मुलाक़ात के बाद आज पूर्व विधायक चन्दन कश्यप की उपस्थिती मे कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने एसपी से मिले और आदिवासी युवती से दुर्व्यवहार करने वाले बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर एफआईआर करने हेतु ज्ञापन सौंपा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिसेल नाग, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन, शहर अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, जिला कांग्रेस महासचिव शेख तौहीद अहमद, नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष बोधन देवांगन, वरिष्ठ कोंग्रेसी वीपी शुक्ला, पंडी राम वड्डे, गजा पटेल, एवं अन्य कांग्रेस सदस्य उपस्थित थे।

## कोंडागांव से अयोध्या धाम के लिए तीर्थयात्रियों का जत्था हुआ रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की 'राम लला दर्शन योजना' के तहत, कोंडागांव जिले से 51 श्रद्धालुओं का एक दल मंगलवार रात अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। कोंडागांव नगर के अंबेडकर चौक से बस्तर प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और विधायक सुश्री लता उसेंडी ने रात 9 बजे हरी झंडी दिखाकर इन श्रद्धालुओं को विदा किया।

विधायक सुश्री लता उसेंडी ने इस योजना को प्रदेशवासियों को आध्यात्मिक रूप से सशक्त करने और रामभक्ति से जोड़ने का एक ऐतिहासिक प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि और जनकल्याणकारी सोच का परिणाम है। श्रद्धालु बस से राजनांदगांव तक की यात्रा करेंगे। वहाँ से ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं में भगवान श्रीराम के दर्शन को लेकर भारी उत्साह और खुशी देखने को मिली। सरगीपाल की रहने वालीं श्रीमती ननकी वैष्णव ने भावुक होकर बताया कि यह उनकी पहली तीर्थयात्र है और पहली ही बार में उन्हें राम लला के दर्शन का सौभाग्य मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा, राखी हर साल आएगी, लेकिन रामलला के दर्शन का अवसर बार–बार नहीं मिलता। इसी तरह, बड़ेराजपुर ब्लॉक के ग्राम पेंड्रावन से आए जोहन बैद्य ने भी मुख्यमंत्री की पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें अयोध्या जाने का मौका मिलेगा। मसोरा के उलेचंद पटेल ने इस यात्र को अपने जीवन का अविस्मरणीय क्षण बताया। यह योजना राज्य के हजारों श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की यात्र कराने के लिए शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है।

## तीन होटल व मिठाई दुकान से लिए नमूने



**कोण्डागांव।** बने खाबो बने रहिबो जागरूकता अभियान के तहत आज कोंडागांव के खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने शहर के विभिन्न होटलों और मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया। इस अभियान का उद्देश्य बरसात के मौसम में खाद्य जनित बीमारियों और संक्रमण को रोकना है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने होटल और मिठाई विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में जानकारी दी। उन्हें कागज के उपयोग से होने वाले नुकसान, एक ही तेल को बार–बार गरम करके इस्तेमाल करने के दुष्प्रभाव और खाने की चीज़ों को सही तरीके से रखने के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही, कर्मचारियों की व्यक्तिगत साफ–सफाई और बरसात में बरतने वाली सावधानियों पर भी जोर दिया गया। सभी प्रतिष्ठानों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन करने के लिए कहा गया। इस जाँच के दौरान शानू होटल पलारी से कलाकंद और खोवा बर्फी, सेठिया होटल से दी लड्डू और चौधरी स्वीट्स से सलौनी व गाठिया मिठाई के नमूने लिए गए। इन नमूनों को गुणवत्ता जाँच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे खराब या खुले में बिकने वाली खाने की चीजें न खरीदें और किसी भी तरह की शंका होने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

## शिक्षक बनेंगे मेंटल हेल्थ एम्बेसेडर, यूनिसेफ की पहल से मानसिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- माकड़ी में शिक्षकों को मिला दो दिवसीय प्रशिक्षण

यूनिसेफ, शिक्षा विभाग और जिला स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पहल से अब शिक्षक मेंटल हेल्थ एम्बेसेडर बनकर मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चों की मदद करेंगे। इसी कड़ी में बीआरसी कार्यालय माकड़ी में माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ऐसे बच्चों को पहचानना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए समुचित शिक्षा प्रदान करना है।



इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षक यह जान पाएंगे कि मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चों की पहचान कैसे की जाए और उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से कैसे जोड़ा जाए। वे ऐसे बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें सही कक्षा में दाखिला दिला पाएंगे। साथ ही, जो बच्चे पहले से स्कूल में दर्ज हैं, उन्हें भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सक्षम हो जाएंगे। मास्टर ट्रेनरों ने विभिन्न गतिविधियों के जरिए प्रशिक्षण को रोचक और रुचिपूर्ण बनाया, जिससे सभी शिक्षकों ने सहजता से इसमें भाग लिया।

### प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर और अधिकारियों की भूमिका

इस प्रशिक्षण को सफल बनाने में मास्टर ट्रेनर कीर्तन ध्रुव, निरंजन पोयाम, डॉ. विनय, मनीषा पोयाम, तिलक कश्यप, देवव्रत मरकाम, लाला राम साहू, अमर सिंह मरकाम और निधि साहू ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। समापन समारोह में बीईओ ने सभी शिक्षकों से प्रशिक्षण का ज्ञान जमीनी स्तर पर लागू करने की अपील की। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस.आर. देवांगन, विकासखंड स्रोत समन्वयक ताहिर अहमद खान और बीआरपी भेदराम मानकर के मार्गदर्शन में हुआ, जिन्होंने इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## वार्ड पंचों को आधारभूत अभिमुखीकरण प्रशिक्षण



**दुर्गूकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायतों के नव निर्वाचित वार्ड पंचों का एक दिवसीय आधारभूत, अभिमुखीकरण प्रशिक्षण सीईओ सुरेन्द्र बंजारे एवं आरके किशोरे के मार्गदर्शन 6 अगस्त को आरंभ हुआ। कार्यक्रम का आरंभ पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। पंजीयन एवं स्वागत उपरांत प्रतिभागियों से परिचय, अपेक्षाएं ली गई। यह एक दिवसीय प्रशिक्षण पंचायतीराज संरचना के महत्वपूर्ण एवं आधारभूत जानकारी के साथ ही ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने के दिशा में सार्थक होगा। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण में जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर कमलेश कुमार साहू के द्वारा 73 वां संविधान संशोधन, कर्तव्य एवं अधिकार तथा कामकाज एवं संचालन प्रक्रिया की जानकारी, पेसा कानून एवं त्रिस्तरीय पंचायतीराज की जानकारी सहित सभी विभागीय योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी द्वारा दी गई।

## बछिया के जटिल हर्निया का हुआ सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विकासखंड अंतर्गत ग्राम बेलगांव में एक वर्षीय बछिया में लेट्रल एब्डॉमिनल हर्निया की जटिल स्थिति का सफल शल्यचिकित्सकीय उपचार किया गया। यह सर्जरी उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एमबी सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न की गई। लेट्रल एब्डॉमिनल हर्निया एक ऐसी चिकित्सकीय स्थिति है, जिसमें पेट की दीवार की मांसपेशियाँ कमजोर या फट जाती हैं, जिससे आंत या अन्य अंग पेट की दीवार से बाहर निकल आते हैं।



यदि समय पर उपचार न किया जाए, तो यह पशु के लिए जानलेवा भी हो सकता है। विशेष रूप से बढ़ते हुए बछड़ों और गाभिन बछिया में यह स्थिति चिंता का विषय बन जाती है। प्रभावित बछिया के दायें पार्श्व उदर में असामान्य सूजन देखी गई थी, जिसे चिकित्सकीय परीक्षण के पश्चात लेट्रल एब्डॉमिनल हर्निया के रूप में चिन्हित किया गया। पशु की गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल शल्यचिकित्सा की योजना बनाई गई।

### इन्होंने किया ईलाज

इस जटिल सर्जरी का नेतृत्व पशु चिकित्सा सहायक सर्जन डॉ. ढालेश्वरी द्वारा किया गया, ऑपरेशन में डॉ. दीपिका सिदार का भी सहयोग रहा। तकनीकी सहायता सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी डी. पी. साहू एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, डटन- खेमराज द्वारा प्रदान की गई। सर्जरी पूर्णतः सफल रही तथा पशु को निगरानी में रखा गया है और उसे आपरेशन पश्चात आवश्यक चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है।

## खाद्य विभाग ने की जांच दुकानों से लिया सैंपल

**पखांजुर।** रक्षा बंधन त्योहार के पहले खाद्य सुरक्षा विभाग ने अपनी सतर्कता बढ़ा दी है। विभाग की टीम ने परलकोट क्षेत्र में मिठाई की दुकानों पर औचक निरीक्षण कर सैंपल लेने की कार्रवाई शुरू कर दिया है। जांच में किसी भी प्रकार की मिलावट या अमानकता पाई जाती है, तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आमजनता ने इस कदम का स्वागत किया है लोगों का मानना है कि त्योहारों के समय अक्सर मिठाई में घटिया सामग्री और मिलावट की शिकायतें आती हैं, ऐसे में विभाग की यह सक्रियता उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है।



## पेज 11 के शेष

### मोर तिरंगा, मोर...

से जिले के प्रत्येक बूथ के हर घर में तिरंगा लहराए, इसके लिए ईमानदारी से कार्य करें। तिरंगा अभियान पिछली बार की तुलना में इस बार और प्रभावी हो, इस बात की चिंता कर कार्य करें। शहीद सेनानियों की प्रतिमाओं, चित्रों पर माल्यापर्ण का भी कार्यक्रम किया जाएगा। 14 अगस्त को देश के विभाजन को याद करते विभाजन विभिषिका दिवस भी मनाना है। इस दौरान मौन जुलुस, चित्र प्रदर्शनी, संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित करें। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने मोर तिरंगा मोर अभिमान अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि तिरंगा के प्रति आज की युवा पीढ़ी और महिलाओं को विशेष रूप से जागृत करने की जरूरत है, इसलिए भाजपा युवा व महिला मोर्चा की विशेष भागीदारी इस अभियान में सुनिश्चित करेंगे। मोर तिरंगा, मोर अभिमान अभियान के जिला संयोजक सतीश लाटिया ने कहा कि जिला बैठक के बाद जिले के सभी 16 मण्डलों में भी कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने किया। आयोजित कार्यशाला में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, शिशुपाल शोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, हलधर साहू, राजीव लोचन सिंह, गौतम उइके, हीरा मरकाम, देवेन्द्र भाउ, अनूप राठौर, राजा देवनानी, निपेन्द्र पटेल, डॉ देवेन्द्र साहू, टेकेश्वर जैन, छत्रप्रताप दुग्गा, निखिल सिंह राठौर, जयंत अटभैया सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अवैध शराब सप्लायर...

को दबोचा गया और सभी कोचियों को जेल भेजा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी 50 वर्षीय रामेश्वर यादव निवासी टिमनार थाना आमाबेड़ा को कांकेर के बरदेभाटा चौक में शराब बिक्री करते हुए पाया गया, जिसके कब्जे से 21 पौवा देशी मशाला शराब कुल 3.780 लीटर कीमत 2 हजार 100 रूपएं को बरामद कर दबोचा गया। आरोपी के खिलाफ अप.क्र. 244/25 धारा 34 (1)आब.एक्ट के तहत दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। माकड़ीखूना निवासी 34 वर्षीय सतीश जैन पिता शिवचरण को पंडरीपानी में शराब रखकर बिक्री के लिए ले जाते हुए पकड़ा गया। उसके कब्जे से अंग्रेजी शराब बेगपाईपर कुल 2.160 लीटर कीमत 3 हजार रूपएं को किया गया। धारा 34 (1)आब.एक्ट के तहत दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के पास अवैध शराब बेचने वाले शराब कोचिया आतुरगांव निवासी 26 वर्षीय संदीप गावड़े पिता ईश्वर गावड़े को अंग्रेजी शराब कुल 3.240 लीटर कीमत 1 हजार 440 रूपएं के साथ पकड़ा। धारा 34 (1)आब.एक्ट के तहत दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। अरूण कुमार कोरेटी और चोवाराम ध्रुवे को पंडरीपानी नरहरपुर मार्ग की ओर अवैध शराब रखकर परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिनके कब्जे से 25 बोतल किंगफीशर बियर कुल 16.25 लीटर कीमत 5 हजार रूपएं एवं मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएस 6865 को जप्त किया गया।

कार्यवाही टीम में यह रहे शामिलः कार्यवाही टीम में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर, प्रभारी अजाक निरीक्षक राम कुमार साव के नेतृत्व में उप निरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी, उप निरीक्षक मनोरथ जोशी, उप निरीक्षक रामेश्वर चतुर्वेदी, मप्रआर. हितेश्वरी चेलक, प्रधान आरक्षक कृष्णा यादव, प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश कृषान, प्रआर जीवधन यादव, प्रआर गीतेश्वर कुलदीप, मनीराम भोई, आरक्षक शक्ति सिंह, दुर्गेश सोनवानी एवं थाना कांकेर पेट्रोलिंग टीम आरक्षक देवेन्द्र मंडावी, अमर नेताम, शिव नेताम का अहम भूमिका रही।

### जवानों को स्काउट...

ठाकुर, जिला सचिव प्रदीप कुलदीप के मार्ग दर्शन में स्काउट एवं गाइड प्रभारी संजय कुमार जुर्री और सुशीला कोमरे द्वारा भारत स्काउट एवं गाइड राज्य मुख्यालय के परिपालन में विद्यालय के स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा यह कार्यक्रम रखा गया, जिसमें एसएसबी कैम्प के सहायक कमांडर दिनेश सिंह, उपनिरीक्षक नंद किशोर शर्मा उपस्थित रहें।

## समाज के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# ब्राह्मण समाज भवन में हुआ पौधारोपण, हनुमान चालीसा से गूंजा परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- आने वाली पीढ़ियों के लिए धरोहर बनाए रखने का लिया संकल्प

कनेरा रोड स्थित ब्राह्मण समाज भवन में मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों ने मिलकर भवन परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और हरियाली एवं स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया। इस कार्यक्रम की शुरुआत समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा पौधे लाकर की गई, जिसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से मिलकर पौधारोपण किया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने कहा कि पेड़-पौधे न केवल पर्यावरण के लिए फायदेमंद हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक अमूल्य धरोहर हैं। वृक्षारोपण के बाद समाज भवन में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया, जिससे परिसर भक्तिमय हो गया।



### निरंतर ऐसे आयोजन करने का लिया संकल्प

समाज के सचिव पवन झा ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में एकजुटता लाने के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर प्रवीण मिश्रा, चीन तिवारी, रूपेश झा, उमाशंकर तिवारी सहित अन्य सदस्य भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। ब्राह्मण समाज द्वारा भविष्य में भी ऐसे ही सामाजिक एवं पर्यावरणीय कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर समाज के अन्य वरिष्ठ सदस्य गोपाल दीक्षित, आलोक दुबे, बी.पी. पांडे, जी.एन. तिवारी, सुशील शर्मा, अवध किशोर मिश्रा, मनोज पांडे, रामचरण पांडे, महिला अध्यक्ष शांति बाजपेई, तथा सुरेश पांडे, उर्मिला पांडे, गीता पांडे, शिखा पांडे, मधु तिवारी, बृजेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष सदस्य उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### नंदी को दूध व पानी पिलाने भक्तों का लगा भीड़



**बचेली।** बचेली 2 न. बंगाली कैंप में आशीष विश्वास के घर स्थित शिव मंदिर में उस समय भक्तों का तांता लग गया जब मंगलवार शाम को पूजा करने गई घर की महिला ने दावा किया कि नंदी महाराज पानी पी रहे हैं। इस दावे के बाद मंदिर में लोगों की भीड़ लग गयी, लोग लाइन लगाकर मंदिर में स्थित नंदी महाराज को दूध व पानी पिलाने लगे। धीरे-धीरे यह बात पूरे गांव में फैल गयी। लोग नंदी को जल पिलाने व पूजा अर्चना में लगे रहे, बंगाली कैंप के तापस गाईन ने बताया कि घर में स्थापित यह मंदिर लगभग 50 वर्ष पुराना हैं, यहां हर वर्ष शिवरात्रि और सावन सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचती हैं।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के संबंध में हुई बैठक

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला शिक्षा कार्यालय के सभाकक्ष में जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी की अध्यक्षता में डीएमसी उमाशंकर तिवारी, जिला खेल अधिकारी, सहायक कार्यक्रम समन्वयकों एपीसी की उपस्थिति में सुकमा जिले में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में भाग लेने वाले संस्थाओं के प्राचार्य, सांस्कृतिक प्रभारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 10 शैक्षणिक संस्थानों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में फोक साँग और देश भक्ति गीतों से प्रस्तुति होगी। 12 अगस्त को चयन हेतु प्रदर्शन देना होगा इसमें सभी संस्थाएं शामिल होंगी। 13 अगस्त को तैयारी के संबंध में फाइनल प्रदर्शन मिनी स्टेडियम सुकमा में देना होगा।

### आत्मसमर्पित माओवादियों को मिल रहा नया जीवन



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू माओवादी आत्मसमर्पण राहत एवं पुनर्वास नीति और बस्तर संभाग के अंदरूनी गांवों के समग्र विकास के लिए विशेष रूप से संचालित नियद नेल्ला नार योजना ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और विश्वास का नया मार्ग प्रशस्त किया है। इस योजना के कन्वर्जेंस के माध्यम से जिला प्रशासन सुकमा द्वारा आत्मसमर्पित माओवादियों को कौशल प्रशिक्षण, पुनर्वास एवं स्वरोजगार से जोड़कर समाज की मुख्यधारा में सफलतापूर्वक जोड़ा जा रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में चल रहे इस कार्यक्रम के अंतर्गत लाइवलीहुड कॉलेज एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में विभिन्न ट्रेड में निःशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि आत्मसमर्पित युवा और महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी होकर समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें।

केन्द्र और राज्य के स्वास्थ्य कार्यक्रमों को मिशन मोड में लागू करें

# स्वास्थ्य संबंधित गुणवत्ता सेवा में जिलों को अग्रणी बनाएं : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा







प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने मलेरिया मुक्त अभियान पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बस्तर संभाग में मलेरिया नियंत्रण के प्रयासों को और अधिक सघन एवं क्षेत्रीय डाटा आधारित बनाना जरूरी है।

- स्वास्थ्य मंत्री ने एनीमिया मुक्त दंतेवाड़ा अभियान का किया शुभारंभ

मंत्री ने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों और सिविल सर्जनों से आग्रह किया कि वे अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि मलेरिया उन्मूलन के लिए छोटी-छोटी बातों पर भी गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि यही सतर्कताएं मिलकर बड़े परिणाम देती हैं। मंत्री जायसवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि डीडीटी का छिड़काव स्कूलों, आंगनवाड़ियों, आश्रम शालाओं एवं पोटाकेबिनों में मिशन मोड में किया जाए, ताकि मलेरिया की रोकथाम प्रभावी ढंग से हो सके। साथ ही सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे मच्छरदानी के उपयोग को लेकर अधिक से अधिक जन जागरूकता फैलाएं। बैठक के दौरान मंत्री ने पारंपरिक उपायों की चर्चा करते हुए कहा कि गांवों में नीम की पत्तियों और गोबर के कंडे जलाकर मच्छरों को भगाने की परंपरा रही है, जिसे भी अपनाया जा सकता है। उन्होंने इन उपायों को भी समुदाय में पुनर्जीवित करने की बात कही। स्वास्थ्य मंत्री ने चिरायु कार्यक्रम के संदर्भ में कहा कि स्वास्थ्य विभाग के मैदानी चिकित्सा कर्मचारियों कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता का सही उपयोग सुनिश्चित करें। सभी स्वास्थ्य अभियानों में अन्य विभाग के समन्वय के साथ-साथ अधिकारियों जनप्रतिनिधियों आमजनों की भागीदारी भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने आगे कहा कि बस्तर जैसे अंचल में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदाय किया जाना एक सही मायने में स्वयं के लिए उपलब्धि है। चूंकि चिकित्सकीय पेशा को ईश्वरीय दर्जा दिया जाता है। अतः इसी सिद्धांत को सर्वोपरि रख कर हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम उत्तम से उत्तम जनसेवा कर इसे सार्थक बनाये। फिर चाहे वह राज्य एवं केन्द्र सरकार की मलेरिया, एनीमिया, क्षय रोग, उन्मूलन योजना, मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, आरोग्य मेला जैसे अभियान हो हर अभियान को मिशन मोड में पूरा करें। ताकि स्वास्थ्य संबंधित गुणवत्ता सेवा में हमारा प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी हो।

बैठक में स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया एवं आयुक्त सह संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा बस्तर संभाग के कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा जिलों में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसे राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम, शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम, अस्पताल प्रशासन एवं क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम, क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रमों में उक्त जिलों के प्रगति, क्रियान्वयन, प्रदर्शन पर समीक्षा करते हुए मंत्री को अवगत कराया कि राज्य शासन द्वारा स्वास्थ्य संबंधी सभी कार्यक्रमों की क्रियान्वयन की लगातार मॉनिटरिंग की जाती है साथ ही इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की समस्याओं दिक्कतों पर तुरंत कार्यवाही की जाती है। इस दौरान कहा गया कि शासन का उद्देश्य है कि मलेरिया को पूरी तरह समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव है जब जिला, विकासखंड और ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य अमला पूरी सक्रियता के साथ कार्य करे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे स्वयं फील्ड में जाकर मलेरिया अभियान की निगरानी करें। आरडी किट से जांच के दौरान यदि कोई व्यक्ति मलेरिया पॉजिटिव पाया जाता है, तो उसे दवा की पूरी खुराक दी जाए। साथ ही मितानिनों द्वारा दी गई दवाओं का रैफर जमा किया जाए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि मरीज ने दवा पूरी कर ली है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मलेरिया से किसी भी स्थिति में मृत्यु नहीं होनी चाहिए। बैठक में पीपीटी के माध्यम से बताया गया कि मलेरिया उन्मूलन हेतु मलेरिया मृत्यु निरंक किये जाने, मलेरिया प्रकरणों में 30 प्रतिशत कम लाने, सभी उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर 70 प्रतिशत से अधिक एक्टिव सर्विलेंस एवं सभी मलेरिया प्रकरणों का पूर्ण उपचार एवं फॉलोअप, सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता को पुनः प्रशिक्षण, गंभीर मलेरिया प्रकरणों के प्रबंधन हेतु मेडिकल ऑफिसर का प्रशिक्षण, आईएचआईपी का शत प्रतिशत क्रियान्वयन, पर जोर दिया जा रहा है।

### विधायक ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने रखी मांग

विधायक चैतराम अटामी द्वारा जिले में एंबुलेंस सेवाओं में कमी को देखते हुए अतिरिक्त एंबुलेंस की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित किया गया। अपोलो हॉस्पिटल बचेली में एंबुलेंस सेवाओं में पंजीयन शुल्क में कमी, मरीजों को रायपुर रेफर करने की स्थिति में दंतेवाड़ा से रायपुर तक एंबुलेंस सेवा, छिंदनार में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के संचालन जिला चिकित्सालय में सर्जन डॉक्टरों की नियुक्ति संबंधी मांगों पर स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया। इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री द्वारा उचित कार्यवाही करने हेतु आश्वस्त किया गया। बैठक के समापन पर कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा कहा गया कि जिला प्रशासन चिकित्सा प्रदाय सेवाओं की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है और आने वाले समय में हमें इसके बेहतर परिणाम मिलेगें। साथ ही उन्होंने कहा कि बैठक में दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जायेगा। इस दौरान बैठक में अध्यक्ष सीजीएमएससी दीपक महस्के, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, महामारी नियंत्रक एसके पाम्भोई, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा तथा स्वास्थ्य एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास पर की गई गहन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



आज संकुल केंद्र बचेली 2 अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय विद्यालयों में प्रथम पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक 1 अगस्त से 7 अगस्त तक आयोजित की जा रही है, जिसमें पालकों और शिक्षकों के बीच बच्चों के सर्वांगीण विकास पर गहन चर्चा की जा रही है।

- बच्चों के संवाद में झिझक को दूर कर आत्मविश्वास बढ़ाने पर चर्चा

इस बैठक का उद्देश्य विद्यालय एवं पालकों के बीच समन्वय स्थापित कर बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास को सुनिश्चित करना है। बैठक के माध्यम से पालकों को विद्यालय की गतिविधियों, शिक्षण प्रक्रियाओं, विद्यार्थियों की दिनचर्या, परीक्षा परिणाम, स्वास्थ्य एवं पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी जा रही है।

बैठक में बच्चों के लिए घर का सकारात्मक अध्ययन वातावरण बनाना, दिनचर्या पर निगरानी व बच्चों को गलत आदतों से दूर रखना। प्रतिदिन स्कूल में सीखी गई बातों की जानकारी लेना, संवाद में झिझक को दूर कर आत्मविश्वास बढ़ाना, अकादमिक प्रगति व परीक्षा परिणामों की समीक्षा, बस्ता रहित शनिवार की गतिविधियों की जानकारी देना, स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण पर सुझाव, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र से संबंधित जानकारी व सहायता। न्योता भोज के आयोजन हेतु प्रेरित करना। छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाएं एवं शासकीय योजनाओं पर चर्चा। पॉक्सो एक्ट 2012 की जानकारी एवं सुरक्षा संबंधी जागरूकता।, डिजिटल शिक्षा के संसाधनों जैसे दीक्षा ऐप, ई-जादुई पिटारा व डिजिटल लाइब्रेरी की जानकारी देना। शिक्षकों ने बताया कि डिजिटल प्लेटफार्मों पर उपलब्ध शिक्षण सामग्री बच्चों के लिए बेहद उपयोगी है और पालकों को भी इन संसाधनों से अवगत रहना चाहिए ताकि बच्चों को घर पर भी सहयोग मिल सके।

इस बैठक ने पालकों और शिक्षकों के बीच संवाद को मजबूत किया है, जिससे निश्चित ही बच्चों के भविष्य को नई दिशा मिलेगी। संकुल समन्वयक बचेली 2 का सराहनीय योगदान रहा है।

### स्लरी पाइप लाइन गड्ढा में गिरने से हुई मृत्यु की होगी दण्डाधिकारी जांच

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय कलेक्टर द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार 28 जुलाई ग्राम हाउरनार में निवासरत टिकेश्वर सिंह पिता गौतम, उम्र 11 वर्ष की मृत्यु स्लरी पाईपलाईन हेतु खोदे गये गड्ढे में गिरने से हो गई थी। इस संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 196 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए एतद् घटना की जिला दण्डाधिकारी द्वारा जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच अधिकारी द्वारा 15 दिवस के भीतर जांच पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## सुदूर अंचल की शालाओं का एबीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी ने सतत निरीक्षण के क्रम में संकुल फरसागुड़ा के प्राथमिक शाला बड़ेपारा फरसागुड़ा, संकुल सालेमेटा के अंतर्गत माध्यमिक शाला पखनाकोंगेरा व हाइस्कूल पखनाकोंगेरा का निरीक्षण किया। जिसमें कक्षा 7वीं व 8वीं के बच्चों से रूबरू होकर गणित विषय के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारी को अपने बीच पाकर बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे।

फिर अधिकारी द्वारा हाइस्कूल में कक्षा 9वीं की क्लास ली गई, जिसमें संस्कृत विषय में हिंदी से संस्कृत अनुवाद कैसे किया जा सकता है कि जानकारी धातुरूप व धातुक्रिया को ब्लैकबोर्ड में चार्ट बनाकर समझाया गया। फिर भ्रमण के अगले क्रम में सुदूर अंचल में स्थित ब्लॉक बस्तर के अंतिम छोर बालक आश्रम शाला कोटगढ़ का भी निरीक्षण करने पहुचे। यहां सर्वप्रथम, आश्रम परिसर में रखरखाव का अवलोकन किया साथ ही मेस जाकर व्यवस्था देखी गई। सभी कक्ष की जांच की, जिसमें चादर व गद्दे से बदबू आ रही थी, इसे तत्काल धूप दिखाने व सफाई करवाने उपस्थित अधीक्षक सोमारू मंडावी को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया। फिर बच्चों की कक्षा में क्लास 1ली से 5वी तक के बच्चों का आकलन किया, स्तर आशा के अनुरूप नही पाया गया, स्थिति सुधारने निर्देश दिए। प्रधान अध्यापिका शाला में नही थी, स्टाफ द्वारा बनियागांव जाना बताया गया। आश्रम शाला में सुरक्षा की दृष्टिकोण से बाउंड्रीवाल की नितांत आवश्यकता है।

अगले क्रम में पूर्व माध्यमिक शाला व हाइस्कूल सोरगांव का निरीक्षण किया। यहां भी 6,वी, 7वी, 8वी के बच्चों की क्लास ली गई, जिसमें अंग्रेजी, गणित व विज्ञान विषय की जानकारी देते हुए श्यामपट का प्रयोग भी किया गया।

## गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदाय करने के लिए सख्त निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर जिले में संचालित सभी पोटा केबिन, आरएमएसए छात्रावासों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदाय करने के लिए सख्त निगरानी और नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसका उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना और उन्हें प्रभावी शिक्षण व्यवस्था से जोड़े रखना है।

शिक्षा विभाग द्वारा सभी छात्रावासों में खानापंजी का नियमित संधारण करवाया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक दिन के भोजन की प्रविष्टि और टीप लिखी जाती है। सुबह का नाश्ता एवं दोपहर का भोजन गरम एवं संतुलित रूप में बच्चों को परोसा जा रहा है। इस व्यवस्था की निगरानी के लिए अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन जियो टैग फोटो भेजकर अपनी उपस्थिति तथा गुणवत्तापूर्ण भोजन वितरण की पुष्टि करें। साथ ही, समय-समय पर निरीक्षण के दौरान लापरवाही बरतने पर संबंधितों के विरुद्ध नोटिस और अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जा रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने बताया कि जिले के सभी पोटा केबिन और छात्रावासों में नियमित निरीक्षण के साथ खानापंजी का नियमित संधारण सुनिश्चित किया जा रहा है। अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे भोजन की गुणवत्ता का स्वयं निरीक्षण करें एवं इसकी पुष्टि समय पर भेजें।

### स्वच्छता पखवाड़े के तहत हुआ प्रमाण पत्र वितरण

**दंतेवाड़ा।** विगत दिवस दंतेवाड़ा स्थानीय पुस्तकालय में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण ले रही बालिकाओं और महिलाओं को सर्टिफिकेट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी ने जन शिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थियों को कौशल से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहन करते हुए कहा कि वर्तमान में बेरोजगारी को देखते हुए यह जरूरी हो गया है कि हर महिला कौशल से जुड़कर आत्मनिर्भर बने। उन्होंने आग्रह किया कि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होकर घर परिवार और समाज में मिसाल कायम करें। जन शिक्षण संस्थान द्वारा 15 से 45 आयु वर्ग महिलाओं, शाला त्यागी बच्चे के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं इसके माध्यम से सरकार की योजना का लाभ लिया जा सकता है।

## जनपद उपाध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष रखी मांगों को मिला समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा



छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्यामा बिहारी जायसवाल के

- नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं कराएं उपलब्ध

चित्रकोट प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनसे सौजन्य भेंट की एवं क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित विभिन्न मांगों को उनके समक्ष रखा।

मुलाकात के दौरान प्रमुख रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शव वाहन की कमी की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया। जिस पर मंत्री ने तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र में महिला एवं बाल रोग विशेषज्ञ की अनुपलब्धता को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। इस पर मंत्री ने समाधान स्वरूप प्रारंभिक चरण में मासिक चिकित्सा शिविर आयोजित कर रोगियों की पहचान और इलाज उपलब्ध कराने की व्यवस्था किए जाने की घोषणा की।

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष मंगतुराम कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष डॉ. बसन्त कश्यप, मण्डल उपाध्यक्ष नरेश खापर्डे, चन्द्रशेखर ठाकुर, शावेन्द्र सेठिया कोषाध्यक्ष, विकेश रंगारी युवा मोर्चा कार्यकर्ता, धनसिंह ठाकुर, दिलीप और सरपंच कश्यप, मुन्नाराम कश्यप आदि उपस्थित रहे। भाजपा के मंडल अध्यक्ष मंगतु राम कश्यप एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप ने उक्त मांगों को विस्तार से रखते हुए क्षेत्र की स्वास्थ्य स्थिति से मंत्री को अवगत कराया। इस पर मंत्री जायसवाल ने जिला कलेक्टर बस्तर को निर्देशित किया कि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके।

यह पहल क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## शासन की योजनाओं को शत-प्रतिशत जनता तक पहुंचाना सुनिश्चित करें : मुकुन्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कलेक्टर देवेश ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में नव नियुक्त जिला पंचायत सीईओ मुकुन्द ठाकुर के द्वारा आज जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, एनआरएम एवं पंचायत विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं को जमीनी स्तर में प्रत्येक हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों के आवास स्वीकृति एवं आवास पूर्णता निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण करने और निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नियद नेल्लानार योजनांतर्गत शामिल ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को शत प्रतिशत योजनाओं से लाभान्वित करने, आवास मित्र की कमियों को दूर करने, स्पेशल प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्वीकृत पीएम आवासों को पूर्ण करने, शहरों में प्रवास करने वाले हितग्राहियों की सूची बनाने और निर्माणाधीन पीएम आवास को निरीक्षण एवं समीक्षा करने के निर्देश दिए। सुकमा एवं कोंटा में आवासीय कॉलोनी बनाने के संबद्ध में निर्देश दिए। उक्त बैठक में जनपद सीईओ छिंदगढ़ एवं सुकमा, जिला समन्वयक एवं आवास समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जिला समन्वयक एसबीएम, जिला मिशन प्रबन्धक एनआरएलएम, जनपद पंचायत के विकासखंड समन्वयक, बीपीएम, एनआरएलएम और पंचायत विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### बेसलाइन मूल्यांकन में 20,645 बच्चों ने लिया भाग

**सुकमा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत निर्वाण भारत योजना और एफएलएन लक्ष्य मिशन 2026-27 के अंतर्गत कक्षा तीसरी तक के बच्चों में भाषा एवं गणित विषयों में आवश्यक लर्निंग आउटकम की प्राप्ति के उद्देश्य से जिले में सीखेगा बचपन एफएलएन प्रथम असेसमेंट बेसलाइन मूल्यांकन का सफल आयोजन किया गया। यह मूल्यांकन 5 अगस्त को जिले की सभी शासकीय एवं अनुदान प्राप्त प्राथमिक शालाओं में प्रातः 11 बजे एक साथ आयोजित हुआ। आयोजन कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में तथा जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मण्डावी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस मूल्यांकन में कक्षा पहली के 5,653, कक्षा दूसरी के 7,575 तथा कक्षा तीसरी के 7,417 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुल मिलाकर जिलेभर से 20,645 बच्चों ने इस महत्त्वपूर्ण मूल्यांकन में सहभागिता की।

## 5 खाद्य प्रतिष्ठानों को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



आगामी राखी त्यौहार एवं वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर दंतेवाड़ा के आदेशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के निर्देशन में विभिन्न होटलों, मिठाई की दुकानों, किराना दुकानों, नमकीन निर्माता व्यापारियों के खाद्य परिसर का निरीक्षण किया गया एवं विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना जांच हेतु लिया गया।

बने खाबों-बने रहिबों विशेष जांच अभियान के तहत विगत दिवस जिले के गीदम, दंतेवाड़ा, बचेली, किरंदुल, बारसूर, नकुलनार आदि क्षेत्रों के खाद्य परिसरों का निरीक्षण किया गया एवं चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य सैंपल जैसे मिठाइयां, पनीर दूध, दही, नमकीन, आटा, बेसन, मैदा, सूजी, मैदा आदि का नमूना जांच हेतु लिया गया। निरीक्षण के दौरान दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न स्थानों निरीक्षण एवं सैंपलिंग के दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के द्वारा कुल 65 सैंपल विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से लिया, निरीक्षण एवं सैंपलिंग के दौरान जो भी खाद्य पदार्थ उपयोग के अनुकूल नहीं पाया गया एवं अमानक पाया गया, उन्हें तुरंत नष्ट करवाया गया। इस मौके पर 5 खाद्य प्रतिष्ठानों को नोटिस दिया गया। इस क्रम में दंतेवाड़ा क्षेत्र के देवभोग स्वीट्स से बर्फी कुन्दा, कलाकंद, गुप्ता स्वीट्स से काजू कतली, बर्फी, पवन स्वीट्स एण्ड नमकीन से कलाकंद, काला जामुन, जय अम्बे बीकानेर से चुरमा लड्डू, बर्फी, बिकानेर स्वीट्स गीदम से खोया, राजस्थान स्वीट्स से बेसन लड्डू, एवं अन्य मिठाई की दुकानों से कलाकंद, नमकीन, बर्फी, रसगुल्ला, मलाई पेड़ा, काजू कतली का नमूना परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भी भेजा गया, जांच उपरांत प्राप्त रिपोर्ट अनुसार नमूना जांच में यदि अमानक पाया जाएगा तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी एवं प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

### कोलावल में मना स्तनपान सप्ताह

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द बकावंड के सेक्टर कोलावल में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश मरकाम के निर्देश अनुसार कोलावल के खासपारा आंगनबाड़ी केन्द्र में विश्व स्तनपान सप्ताह सप्ताह मनाया गया। जिसमें महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षिका श्रीमती बीना साहू उपस्थित हुई। पोषक माताओं एवं गर्भवती माताओं से ग्रामीण चिकित्सा सहायक अमित दास द्वारा स्तनपान मनाने का कारण पूछा। साथ ही जन्म से छह माह तक सिर्फ दूध पिलाना जरूरी है। इस अवसर पर टीकाकरण के फायदे पर्यवेक्षक दिनेश पराते द्वारा बताया एवं कहा कि जन्म से लेकर 16 वर्ष तक बच्चे को टीकाकरण करवाना अति आवश्यक है। इस अवसर पर आईसीडीएस पर्यवेक्षक बीना साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नैती कश्यप सहित 70 पोषक माता शामिल हुई।

## बैठक : नायब तहसीलदार और औषधी निरीक्षक को जाँच करने दिए निर्देश

# नशेड़ियों पर लगाम कसने एसडीएम ने दुकानदारों की ली क्लास, दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



पुलिस विभाग नशेड़ियो पर कार्यवाही कर रहा है, जिससे हडकंप मच गया है, वहीं अब स्कूल के आसपास तंबाकूयुक्त सामग्री और नशा की सप्लाई की संदिग्धता के आधार पर अनुविभागीय दंडाधिकारी अरूण वर्मा ने स्कूल के आसपास के दुकानदारों की क्लास लिया और साफ शब्दों में समझाईश दिया कि सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाईन का पालन करें और दुकान में तंबाकूयुक्त सामग्री और नशा का सामान नहीं होना चाहिए।

कलेक्टर निलेश कुमारी क्षीरसागर के द्वारा स्कूल के आसपास तंबाकूयुक्त सामग्री और नशे बेचने वालों पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया, इसी के तहत एसडीएम अरूण वर्मा ने नगरपालिका कांकेर के सभाकक्ष में पुलिस, राजस्व नगर पालिका, औषधि प्रसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ स्कूल नरहरदेव स्कूल, कन्या शाला, घड़ी चौक के आसपास दुकान संचालित करने वाले दुकानदारों की क्लास लेते हुए समझाईश दिया गया। दुकान संचालकों को समझाईश दिया गया कि स्कूल परिसर के100 मीटर के दायरे के भीतर किसी प्रकार का तंबाकू से बना पदार्थ या नशे की सामग्री बिल्कुल विक्रय न्ही करे, अगर किसी के द्वारा नशे की कोई सामग्री संग्रहित या विक्रय किया जाता है तो उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाते हुए दुकान आवंटन, निरस्तीकरण के कार्यवाही किया जाएगा। एसडीएम द्वारा नगर पालिका और शिक्षा विभाग को स्कूल से 100 मीटर की दूरी को स्पष्ट मार्किंग करने का निर्देश दिया। कांकेर जिले में लगातार नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही किया जा रहा है। विगत 5 दिनों में नशाबाजी कर उपद्रव करने वाले 30 से अधिक लोगों को पुलिस द्वारा पकड़ा गया है और जेल भेजा गया है। मौके पर उपस्थित नायब तहसीलदार दुर्गावती और ड्रग इंस्पेक्टर को एसडीएम ने हर सप्ताह दुकानों की नियमित जांच और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कोटप्पा एक्ट के अंतर्गत चालानी कार्यवाही करने का निर्देश भी दिया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने बैठक में उपस्थित सभी दुकानदारों से कहा कि कोई भी दुकानदार स्कूल के पास वाले तंबाकूयुक्त एवं नशे का सामान नहीं रखे। इस तरह की सामग्री पाए जाने पर दुकान के आवंटन को रद्द किया जाएगा, इसके लिए दुकानदार स्वंय जिम्मेदार होंगे।

## खबर संक्षेप



### श्रद्धालुओं ने शिवालयों में किया जलाभिषेक

**कोयलिबेड़ा।** ब्लॉक मुख्यालय कोयलिबेड़ा के मेंढकी नदी के गाड़ाघाट से जल लेकर कावड़ यात्रा की शुरूआत डीजे की धुन पर प्रारंभ हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने पैदल ही कोयलिबेड़ा नगर भ्रमण करते हुए कुछ श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा से शिशु मंदिर स्थित शिवलिंग, शिव मंदिर में एवं कुछ श्रद्धालुओं ने मेढकी नदी तट स्थित शिवलिंग में जलाभिषेक किया।

### 16 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा हुए नदी, नाला, डबरी और तालाब में डूबने से मृत्यु होने के चार प्रकरण में उनके निकटतम आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया। आमाबेड़ा तहसील के ग्राम पुसगांव निवासी जयलाल नुरूटी की नाला में डूबने से मृत्यु होने पर उनके परिजन सुखियारीन को चार लाख रूपए, ग्राम कोलियारी के 06 वर्षीय अंकुश सलाम की डबरी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके माता-पिता बुधऊ राम सलाम और बज्जोबाई सलाम के लिए चार लाख, ग्राम कोंगेरा निवासी जनकाय मातलाम की नाला में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम आश्रित जयाराम मातलाम के लिए चार लाख रूपए और ग्राम केसुरबेड़ा निवासी 07 वर्षीय सुषमा मातलाम की नदी में डूबने से मृत्यु होने के कारण उनके माता-पिता प्रसाद मातलाम और सरिता बाई को चार लाख की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

### डड़सेना कलार समाज ने एक जोड़े का कराया आदर्श विवाह



**चारामा।** डड़सेना कलार समाज बस्तर संभाग मुख्यालय अलबेलापारा में 4 अगस्त को एक जोडे का आदर्श विवाह किया गया। करिहा निवासी आयुष्मान चि. मदन राम सिन्हा पिता स्व. परदेशी राम सिन्हा एवं आयुष्मति लीलावती सिन्हा पिता धनेशराम सिन्हा निवासी ग्राम राडवाही के बीच समाज द्वारा दोनो पक्षों की सहमति से आदर्श विवाह कराया गया। मदनराम सिन्हा जो शादी शुदा है, कोरोना काल मे उसके एकलौते पुत्र की मृत्यु हो गई थी। वंश को आगे ले जाने के लिए पति पत्नि की सहमति से दुसरी शादी के लिए समाज में आवेदन लगाया गया। दोनो परिवारो की सहमति के पश्चात दोनो का आदर्श विवाह समाज के बीच में किया गया। फिजुल खर्च को कम करने के उद्देश्य से समाज को एक अच्छा संदेश देते हुए आदर्श विवाह किया गया। इस विवाह मे वर वधु को आर्शीवाद प्रदान करने मुख्या अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका अरूण कौशिक, अध्यक्षता अध्यक्ष डडसेना कलार समाज पुरुषोत्तम गजेन्द्र, उत्तम यादव व रिश्तेदार उपस्थित रहे।

## बने खाबो-बने रहिबो अभियान के तहत होटल ढाबा स्ट्रीट फूड वेंडर्स की जांच



■ पखांजूर व भानुप्रतापपुर में चलित प्रयोगशाला ने 55 से अधिक सेम्पल लिए

**उत्तर बस्तर कांकेर।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिले में ''बने खाबो-बने रहिबो'' के तहत पंखाजूर एवं भानुप्रतापपुर क्षेत्र में भी विशेष जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत स्ट्रीट फूड वेंडर्स, खाद्य परोसने वाले संस्थान, रेस्टोरेंट, ढाबा और होटलो का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम का उल्लघंन पाये जाने जैसे- अखबारी कागज का उपयोग, बासी खाद्य पदार्थो का उपयोग, पिलाये जाने वाले पानी की जांच, वेज-नान वेज का एक कण्टेनर में रख रखाव, खाद्य पदार्थो की अस्वच्छ हैंडलिंग इत्यादि के दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई, साथ ही आम जनता को खाद्य पदार्थो से संबंधित जानकारी दिया गया। खाद्य नमूना के रूप में 06 सेम्पल जांच तथा चलित प्रयोगशाला के द्वारा 55 से अधिक नमूना लिया गया।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार चलित प्रयोगशाला वाहन के द्वारा प्रचार-प्रसार के माध्यम से आम जनता व खाद्य कारोबारियों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ फर्मो से अवमानक खाद्य पदार्थों को नष्ट कराया गया तथा जिन प्रतिष्ठानों में कमियां पाया गया उनको नोटिस जारी किया गया है। कार्यवाही में खाद्य औषधि प्रशासन विभाग कांकेर खाद सुरक्षा अधिकारी भारत भूषण पटेल सहित विभाग की टीम के अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे।

## जिंक सल्फेड एवं एनपीके तरल का उपयोग किसानी के लिए फायदेमंद




हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

रासायनिक खाद व जैविक खाद के उपयोग से मिट्टी को संतुलित नरम बनाए रखने साथ ही व अच्छी फसल उत्पादन के लिए जिंक सल्फेड 33 प्रतिशत एवं एनपीके तरल के उपयोग की जानकारी 06 अगस्त बुधवार को कृषक भारती कोआपरेटिव लिमिटेड दुर्ग के द्वारा एक संकर बीज प्रोत्साहन अभियान के तहत कार्यक्रम सहकारी समिति भानुप्रतापपुर में किया गया। आयोजित कार्यक्रम में किसान संघ अध्यक्ष एवं पूर्व उप संचालक कृषि एनके नागेश ने किसान बंधुओं को जैव उत्पादों के उपयोग के लाभ के संदर्भ में बहुत विस्तृत जानकारी दिया। उप संचालक कृषि रहते हुए कृषि के विस्तार के अपने अनुभव भी साझा किया। राज्य विपणन प्रबंधक कृभको आशुतोष चंद्राकर कृभको एवं इसके समस्त उत्पादों के बारे में जानकारी दी और साथ ही किसानों को जैविक खेती अपनाने एवं कृभको तरल जैव उर्वरक के प्रयोग करने के लिए सुझाव दिया गया एवं तरल जैव उर्वरक का धान की फसल पर प्रयोग विधि एवं इसके लाभ के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। धान की फसल में जिंक सल्फेट के महत्व के बारे में समझते हुए इसके प्रयोग विधि के बारे में भी तोमर सर के द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कृभको द्वारा आयोजित उर्वरक प्रोत्साहन कार्यक्रम में कृभको द्वारा किसानों को निःशुल्क कृभको का तरल जैव उर्वरक एनपीके का वितरण भी किया गया। प्रभात दीक्षित क्षेत्रीय प्रतिनिधि कृभको दुर्ग व कांकेर ने किसानों को कृभको द्वारा आयोजित उर्वरक प्रोत्साहन कार्यक्रम के अंतर्गत कृभको बीज एवं तरल जैव उर्वरक के संदर्भ में उपस्थित किसान बंधुओ को विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में संगूराम कांगे एवं प्रभात दीक्षित द्वारा भानुप्रतापपुर समिति के प्रबंधक आरआर वर्मा और समस्त समिति कर्मचारी और उपस्थित सभी अतिथि एवं किसान का कृभको के तरफ से आभार व्यक्त किया।




## कथक व सेमिक्लासिकल बॉलीवुड डांस क्लास का हुआ शुभारंभ

**कांकेर।** भारत का सबसे प्रिय शास्त्रीय नृत्य रुपों में से एक कथक और आधुनिकता से प्रेरित सेमिक्लासिकल बॉलीवुड डांस को एक साथ सीखने की सुविधा अब शहरवासियों को एक साथ मिलने जा रही है। कथक कला आंगन नृत्य एकेडमी द्वारा इन विशेष नृत्य कक्षाओं की शुरुआत की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ते हुए उन्हें मंचीय प्रदर्शन के लिए तैयार करना है। कथक कक्षा का शुभारंभ माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित के साथ हुआ, जिसमें स्थानीय कलाकारों, अभिभावकों और नृत्य प्रेमियों ने भाग लिया। प्रशिक्षक मंडल में अनुभवी नृत्य शिक्षक शामिल हैं, जो शास्त्रीय और फ्यूजन दोनों शैलियों में दक्ष है। इस अवसर पर संस्थान की संचालक एमपीए कथक केशिशा राजपूत और विशारद कथक आयुषी मिश्रा ने बताया की यह पहल उन्होंने अपने दिवंगत गुरुओं स्व. रुप नारायण सिंह ठाकुर और स्व. आदिश शुक्ला के स्मृति को समर्पित है, जिन्होंने नृत्य को कला साधना माना और जीवन भर कला के प्रचार-प्रसार में योगदान दिया। इस कक्षा में कथक की पारंपरिक शैली के साथ-साथ बॉलीवुड की सेमिक्लासिकल प्रस्तुतियों पर भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। कथक कला आंगन एकेडमी ने नृत्य में रुचि रखने वाले सभी आयु वर्ग के लोगों से कथक नृत्य कक्षाओं का हिस्सा बनने और भारतीय नृत्य कला को आगे बढ़ाने का आव्हान किया है।

## आंकलन शिविर में ब्लाक के 95 बच्चे पहुंचे एवं 72 को दिया गया प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर



समग्र शिक्षा समावेशी शिक्षा के तहत राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों का आवश्यकता का आकलन करने के लिए शिविर का आयोजन 6 अगस्त को खंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर नरोत्तम चौहान, बीईओ सदेसिंह कोमरे एवं खंड स्त्रोत समन्वयक राधेलाल नुरुटी के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया।

आकलन शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजन अधिनियम 2016 एक्ट के तहत 21 प्रकार के दिव्यागता का चिन्हांकन करते हुए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सभी दिव्यांग बच्चों का दिव्यागता प्रमाण पत्र बनाया जाना एवं यूडीआईडी कार्ड एवं शल्य चिकित्सा के लिए बच्चों को चिन्हित किया जाना है। आकलन शिविर के माध्यम से 6 दिव्यांग बच्चों को आवश्यक सहायक उपकरण व्हील चेयर, बैसाखी, एम आर किट आदि भी वितरण किया गया, साथ ही फिजियोथैरेपी स्पीच थेरेपी चश्मा प्रदान करने नेत्र परीक्षण और मनोरोग परामर्श जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई गई। शिविर में अस्थि बाधित 32, दृष्टि बाधित 19, श्रवण बाधित 10, मानसिक 9, सिकल सेल 8 एवं अन्य दिव्यागता वाले 17 कुल 95 दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे, जिसमें से 72 दिव्यांग बच्चों का दिव्याग्यता प्रमाण पत्र बनाया गया व शिविर में ही 18 दृष्टि बाधित बच्चों के आंखों का जांच करते हुए चश्मा प्रदान करने चिन्हित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से डॉ अरविंद कोर्राम अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ मोनिका नेताम सीनियर रेजिडेंट नेत्र चिकित्सा, डॉ महेंद्र डीडी कार्डियोलॉजिस्ट, एसएन शुक्ला मेडिकल बोर्ड प्रभारी एवं ब्लॉक के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहे।

आंकलन शिविर के आयोजन में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश सोनवानी, बीआरपी विनोद राजपूत, पुष्प लता टंडन स्पेशल एजुकेटर, महेश मंडावी, बीरेंद्र मरकाम, दिनेश ठाकुर, जागेश सलामे, दौलत ठाकुर, देवहंस सोनबरसा, नागेंद्र समरथ, योगेन्द्र मंडावी, प्रीतम उइके, सुनील यदु, सदीक कुरैशी, दीपक ठाकुर एवं विकासखंड के दिव्यांग बच्चों पालक शिक्षक आदि शामिल रहे।

## नकली आयल मामले में एक और गिरफ्तार, दो पहले ही रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर




पखांजुर पुलिस ने नकली केस्ट्रोल इंजन आयल बेचने वाले गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है। इससे पहले दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। उनके एक और साथी को गिरफ्तार किया गया।

15 जून को पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि कुछ लोग पखांजुर में नकली केस्ट्रोल इंजन आयल बेच रहे हैं। पुलिस ने वाहन क्रमांक सीजी 05 एए 5904 में दबिश देकर 100 नकली इंजन आयल केस्ट्रोल की बोतलें बरामद की थीं। उस दौरान नरेंद्र देवांगन और गोविंदा यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे यह नकली सामान रायपुर के ऋषि ट्रेडर्स के मालिक रंजन बिहारी से खरीदते थे। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आईके एलेसेला के निर्देश पर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुर्रे के पर्यवेक्षण में पखांजुर पुलिस की एक टीम रायपुर भेजी गई। पुलिस ने आरोपी रायपुर निवासी 46 वर्षीय रंजन बर्नवाल उर्फ रंजन बिहारी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में रंजन ने स्वीकार किया कि वह कमीशन लेकर नकली केस्ट्रोल आयल बेचता था और पूर्व में गिरफ्तार हुए आरोपी नरेंद्र देवांगन को यही नकली तेल बेचा करता था। आरोपी रंजन बर्नवाल को 6 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक तरुण माइती, डोमेश्वर यागले, संजय डहरे और सरोज मंडावी का विशेष योगदान रहा।

## नाबालिग छात्रा दुष्कर्म मामले में आरोपी जेल की सलाखों में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर




नाबालिग स्कूली छात्रा को झांसा देकर मोटर सायकल में घुमाने ले गए आरोपी ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए आरोपी को जेल की सलाखों में भेजा गया।

पीड़िता की मां ने पखांजूर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसकी नाबालिग बेटी स्कूल जा रही थी, तभी रास्ते में आरोपी कंकन मंडल पिता शिवपद मंडल, निवासी पीवी 132 यशवंतनगर मोटरसाइकिल पर बैठाकर घुमाने ले जाने की बात करते हुए नाबालिक को अपने रिश्तेदार के घर पीवी 23 गांव ले गया, जहां उसने मौका पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने उसे स्कूल की छुट्टी होने से पहले गांव के पास छोड़ दिया। डरी हुई छात्रा घर पहुँचकर पूरी घटना की जानकारी अपनी मुझे दिया। पीड़िता की माँ की शिकायत पर दुष्कर्मी के खिलाफ धारा 64, 64(2) बीएनएस और 4 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। मामला दर्ज करने केउपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन, एएसपी पखांजूर राकेश कुर्रे, एसडीओपी पखांजूर रवि कुजूर के पर्यवेक्षण में, थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट के नेतृत्व में पखांजूर पुलिस ने दुष्कर्मी को 5 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में सहायक उपनिरीक्षक बिन्दुलता देवांगन, प्रधान आरक्षक लिहेन्द्र देवांगन, आरक्षक पवन सोम, और महिला आरक्षक सेवती शोरी का योगदान रहा।

## खंडीघाट शैक्षिक जोन की समीक्षा बैठक में शैक्षणिक गुणवत्ता पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल

शैक्षणिक यात्रा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के उद्देश्य से खण्डीघाट शैक्षिक जोन के अंतर्गत एक विशेष शैक्षणिक गुणवत्ता सह प्रेरणादायक समीक्षा बैठक का आयोजन 5 अगस्त को हायर सेकेंडरी स्कूल कोदापाखा में हुआ। बैठक का नेतृत्व खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी और खंड स्रोत समन्वयक लतीफ सोम ने किया। बैठक में खण्डीघाट शैक्षिक जोन के कोदापाखा, मेड़ो, सिहारी, मर्रामपानी, आमाकड़ा, आमागढ़, दुर्गूकोंदल और डांगरा के प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्रधान पाठक और प्राचार्य उपस्थित रहे।



खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने को प्रथम कर्तव्य बताते हुए, शालाओं में भयमुक्त और अनुकूल शैक्षिक वातावरण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी पर जोर दिया। शैक्षिक गुणवत्ता को सशक्त बनाने के लिए विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, प्रेयर टुगेदर, प्रश्नोत्तरी सत्र, प्रार्थना के बाद प्राणायाम और भ्रामरी सत्र के आयोजन पर बल दिया, ताकि कक्षाएं ऊर्जा और एकाग्रता से परिपूर्ण हों। साथ ही सभी विद्यार्थियों की पुस्तकों और कॉपियों पर कवर चढ़वाने का निर्देश दिया गया। आगामी 7 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाले पालक-शिक्षक सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी पालकों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। नवोदय, एकलव्य, प्रयास, और राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक अतिरिक्त कालखंड जोड़ने का सुझाव दिया गया। खंड स्त्रोत समन्वयक ने शिक्षकों को प्रतिदिन डायरी लिखने, अभिभावकों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने, अपार आईडी और यू-डाइस प्लस डेटा पूर्ण करने, स्थानीय इतिहास लेखन, और स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, शाला समय का कड़ाई से पालन, बरसात में विद्यार्थियों की सुरक्षा, शाला परिसर की स्वच्छता, सामग्रियों का रखरखाव और मध्यान्ह भोजन की दैनिक प्रविष्टि सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। एबीईओ के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री गुणवत्ता अभियान के तहत प्रत्येक संकुल में पांच सदस्यीय समूह गठित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें संकुल प्राचार्य, डाटा एंट्री ऑपरेटर, एसएमडीसी सदस्य, सक्रिय कार्यकर्ता, और सेवानिवृत्त शिक्षक शामिल होंगे। साथ ही, न्योता भोज के आयोजन को प्रोत्साहित करने और 7 अगस्त को होने वाले पहले पालक मेगा सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411